हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 6 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 11.4 डिग्री
न्यूनतम 7.5 डिग्री



10 डेयरी कांप्लेक्स का थ्री-डी मॉडल तैयार





10 त्रिवेणी रोड वाली सड़क की हालत बेहद खस्ता







## खबर संक्षेप



### प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बनेंगे लिबर्टी ग्रुप के शम्मी बंसल

**करनाल।** देश मे श्री अयोध्या जी धाम पहुँचने का निमंत्रण देने का काम पूरे देश में जोर शोर से चल रहा है। उसके अन्तर्गत करनाल को भी एक निमंत्रण दिया गया है। जिस में लिबर्टी ग्रुप के मालिक शम्मी को श्री अयोध्या जी धाम बुलाया गया है। उन्हें निमन्त्रण देने के लिए शुक्रवार विशेषतौर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह प्रान्त प्रचारक डॉ सुरिन्द्र पाल, हरियाणा प्रान्त टोली के सदस्य पंकज भारती पहुंचे हैं।

### रेलवे में नौकरी के नाम पर 19 लाख की ठगी

**करनाल।** थाना शहर की टीम ने दो युवकों को रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर करीब बीस लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाली महिला को गिरफ्तार किया है। टीम से



एसआई विनोद कुमार की अध्यक्षता में एक महिला आरोपी सोनिया पत्नी दिनेश निवासी बाबा रामनाथ कॉलोनी मतलौडा पानीपत को सेक्टर-4 करनाल से काबू किया। शिकायतकर्ता मुनीम कुमार वासी उचाना ने शिकायत दी थी कि आरोपी सलेलता पत्नी श्री जयभगवान, सोनिया पत्नी दिनेश, दिनेश, रामनिवास, जितेंद्र और सरला देवी आदि सभी आरोपियों ने मिलकर मेरे पुत्र अभिनेष को रेलवे में आरपीएफ में नौकरी लगवाने के नाम पर और भतीजे प्रधुमन को ग्रुप डी में लगवाने के नाम पर कुल 19 लाख 80 हजार रूपए की ठगी की है।

### उपभोक्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाती है सेवाएं

**करनाल।** हम अपने उपभोक्ताओं को बेहतरीन सेवाएं देकर उनके अनुभव को और भी बेहतर बनाना चाहते हैं। हमारी बाधारहित प्रक्रियाएं, आकर्षक ब्याज दरें और ग्राहक अनुकूल नीतियां बजाज फाइनेंस एफडी को और बेहतर बनाती है। यह कहना है बजाज फाइनेंस के फिक्स्ड डिपॉजिट और निवेश प्रमुख सचिन सिक्का का।



### 11 को करनाल में सीएम आवास के घेराव का ऐलान

**करनाल।** कम्प्यूटर लैब सहायक वेलफ़ेयर और कम्प्यूटर टीचर वेलफ़ेयर एसोसिएशन की प्रदेश स्तरीय मीटिंग रोड़ धर्मशाला में हुई। मीटिंग की अध्यक्षता कम्प्यूटर लैब सहायक वेलफेयर के राज्य प्रधान करमजीत संधु और कम्प्यूटर टीचर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान बलराम धीमान ने की। दोनों संगठनों ने 11 जनवरी को करनाल में सीएम आवा के घेराव का ऐलान किया है।



### आश्रम मे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 16 सेः अमन

**तरावड़ी।** श्री हनुमान सेवा समिति का गठन 2010 में हुआ था। गठन के 4 वर्ष के बाद ही समिति के संरक्षक लाला साधूराम सिंगला, बालकिशन त्रिपाठी के मार्ग-दर्शन व हनुमान सेवा समिति की अगुवाई में 12 जुलाई, 2014 को पवित्र गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में शहर के जरूरतमंद परिवारों के लिए सांयकालीन निःशुल्क भोजन खिलाने की योजना की शुरूआत हुई थी। जिसमे शुरूआत 15-20 व्यक्ति भोजन करने के लिये आते थे। तब यह भंडारा महाबीर मन्दिर मे चलाया जाता था। अब इस भंडारे मे पिछले 9 वर्षो से चलते-चलते 250 व्यक्तियों व अनेक जरूरतमंद परिवारों तक पहुंच गया है।

---

प्रशासन ने की सुनहरी मौके का फायदा उठाने की अपील

# नववर्ष ब्याज माफी तोहफा, 29 फरवरी 2024 तक एकमुश्त बकाया जमा करवाने पर मिलेगी समस्त ब्याज की छूट

## बकायादारों को कर से मुक्त करने के लिए अब फिर 29 फरवरी तक का एलान किया है

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

प्रॉपर्टी टैक्स बकायादारों के लिए सरकार ने फिर उदारता दिखाते हुए नववर्ष पर ब्याज माफी का तोहफा दिया है। इसके तहत आगामी 29 फरवरी 2024 तक जो बकायादार नगर निगम के खजाने में एकमुश्त राशि जमा करवाएगा, उसे समस्त ब्याज माफी की छूट का लाभ मिलेगा। यही नहीं बकाया मूल राशि व चालू वित्त वर्ष के बिलों पर भी 15 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट अनुमत होगी। लेकिन इसके लिए सम्बंधित व्यक्ति को अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को सेल्फ सर्टिफाई यानि स्व-प्रमाणित करना होगा।

**खास बातें**

- टैक्स भरने के लिए किसी कारण से निगम कार्यालय का रूख नहीं कर सकते, उनके लिए ऑनलाईन टैक्स भरने की बहुत ही आसान प्रक्रिया है

**ऐसे उठाएं लाभ**

जो व्यक्ति टैक्स भरने के लिए किसी कारण से निगम कार्यालय का रूख नहीं कर सकते, उनके लिए ऑनलाईन टैक्स भरने की बहुत ही आसान प्रक्रिया है। इसके लिए एनडीसी पोर्टल, (यूएलबी एचआरवाई एनडीसी डॉट ओआरजी) पर जाकर टैक्स भर सकते हैं। इसके अतिरिक्त प्रॉपर्टी टैक्स बिल पर छपे बार कोड को स्कैन करके साईट ओपन हो जाती है, उसमें भी व्यक्ति क्रेडिट व डेबिट कार्ड या पे.टी.एम. से ऑनलाईन पेमेंट कर सकते हैं। इसमें समय की बचत भी होगी। उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी टैक्स डिफॉल्टरों से रिकवरी करने की पूरी तैयारी कर ली है। ऐसे 202 डिफॉल्टरों को नोटिस जल्द ही जारी होंगे, इसके लिए ड्यूटी भी लगा दी गई है। उन्होंने सभी बकायादारों से पुनः अपील करते कहा है कि वह समय रहते अपना सम्पत्ति कर नगर निगम के कोष में जमा करवा दें, अन्यथा प्रॉपर्टी को सील करने के साथ-साथ अटैच भी किया जाएगा। इसके पश्चात सम्बंधित व्यक्ति की प्रॉपर्टी की नीलामी कर नगर निगम अपना सम्पत्ति कर वसूल करेगा।



**करनाल।** नगरनिगम कार्यालय में टैक्स जमा करवाने पहुंचे लोग।

**13 करोड़ से अधिक कर हुआ जमा**

निगमायुक्त ने बताया कि निगम के खजाने में अब तक 13 करोड़ 10 लाख रुपये प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में जमा हो गए हैं। बकायादारों को कर से मुक्त करने के लिए सरकार ने अब फिर 29 फरवरी 2024 तक बकाया टैक्स को ब्याज माफी के साथ जमा करवाने का एलान किया है। इसे देखते बकायादारों को चाहिए कि वे इस सुनहरी मौके का फायदा उठाएं और निगम के खजाने में प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाकर चिंता मुक्त हो जाएं।

### अवैध रूप से लिंग जांच पर होगी सख्त कार्रवाई

**करनाल।** सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार ने बताया कि 22 जनवरी 2015 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हरियाणा के जिला पानीपत में बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान का शुभारम्भ किया गया। उस समय जिला करनाल का लिंग अनुपात दिसम्बर 2014 में 886 था। सिविल सर्जन करनाल ने आम जनता से अपील की कि अवैध लिंग जांच करने वालों के विरूद्ध सूचना देने व सूचना सही पाए जाने पर सरकार की हिदायतों अनुसार एक लाख रुपये की नकद राशि गुप्त रूप से दी जाएगी तथा सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। यदि कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से लिंग जांच अथवा अवैध रूप से कन्या भ्रूण हत्या करते हुए पाया गया तो उसके विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

## राधा स्वामी सत्संग घर के समीप तोड़ा अवैध बाउंड्री निर्माण

# सख्ती के बावजूद भी धड़ल्ले से हो रहा शहर के करीब अवैध निर्माण

पालिका एरिया में बड़ी मात्रा में कॉलोनाइजरों द्वारा अवैध कालोनियां काटे जाने का धंधा फल फूल रहा है

हरिभूमि न्यूज ⏭घरौंडा



प्रशासन की सख्ती के बावजूद भी शहर में इसके आसपास अवैध कॉलोनी के काटने व अवैध बिल्डिंग का निर्माण धड़ल्ले से जारी है। वीरवार को भी नगर पालिका प्रशासन के द्वारा शहर में राधा स्वामी सत्संग घर के समीप व साईं मंदिर रोड पर काटी जा रही साईं कॉलोनी पर पीला पंजा चला कर उन में बनाई जा रही कच्ची सड़के व डीपीसी को उखाड़ दिया। नगर पालिका प्रशासन द्वारा की गई इस कार्रवाई से कलोनाइजरो में हड़कंप की स्थिति देखी गई।

बता दें कि शहर की नगर पालिका एरिया में बड़ी मात्रा में कॉलोनाइजरों द्वारा अवैध कालोनियां काटे जाने का धंधा जोरों पर चल रहा है। लोगों का कहना है कि जीटी रोड पर स्थित राधा स्वामी सत्संग घर के समीप जहां एक तरफ अवैध कालोनी काटी जा रही है वहीं अवैध निर्माण भी धड़ल्ले से जारी है। इसके अलावा पनौड़ी रोड पर भी इसी प्रकार के अवैध निर्माण में अवैध कॉलोनी काटे जाने का धंधा बदस्तूर जारी है हालांकि नगर पालिका प्रशासन को इन कॉलोनीयों के काटे जाने के बारे में पूरी जानकारी होती है लेकिन समय रहते इन कॉलोनाइजरो के खिलाफ किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जाती जिसके चलते एक आम गरीब आदमी इन कॉलोनी में प्लाट लेकर फस जाता है। और जब वह अपने खून पीसने की कमाई से इन कॉलोनी में छोटा-मोटा मकान बनाता है तो नाम मात्र कार्रवाई कर दी जाती है। कॉलोनी में इस प्रकार की कार्रवाई होने से कॉलोनाइजरों का तो कुछ बिगड़ता नहीं बल्कि गरीब आदमी के गढ़े खून पसीने की कमाई नष्ट कर दी जाती है।

**बोले अधिकारी**

शहर के एरिया में कुछ अवैध कॉलोनी काटे जाने की सूचना थी जिन पर कार्रवाई की गई है अवैध निर्माण करने वाले बिल्डिंग मालिकों के खिलाफ भी नोटिस जारी कर दिए गए हैं।

-प्रिंस मेहंदी रत्ता, नगर पालिका सचिव



---

# भाजपा नेता के घर ईडी की रेड

- दूसरे मकान में चल रही जांच; कल सेक्टर-13 में खंगाला था रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

करनाल के भाजपा नेता मनोज वधवा के घर दूसरे दिन भी ईडी की रेड जारी है। टीम ने कल उनके सेक्टर 13 स्थित मकान में दस्तावेजों को खंगाला था और आज सुबह से सेक्टर 32, 33 में उनका जो दूसरा मकान है, वहां रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है। हालाकि, रेड के दौरान क्या कुछ बरामद हुआ है। उसका खुलासा अभी अधिकारियों द्वारा नहीं किया है।वहीं, मनोज वधवा के खनन में हिस्सेदार यमुनानगर के पूर्व इनेलो विधायक दिलबाग सिंह के ठिकानों से अब तक 5 करोड़ रुपए कैश, 3 गोल्ड बिस्किट, विदेशी शराब की 100 से ज्यादा बोतलें, विदेश में बनाई कई संपत्तियों के कागजात, 4 अवैध विदेशी राइफलों समेत अन्य चीजें बरामद की गई हैं।वहीं, मनोज वधवा के खनन में हिस्सेदार यमुनानगर के पूर्व इनेलो विधायक दिलबाग सिंह के ठिकानों से अब तक 5 करोड़ रुपए कैश, 3 गोल्ड बिस्किट, विदेशी शराब की 100 से ज्यादा बोतलें, विदेश में बनाई कई संपत्तियों के कागजात, 4 अवैध विदेशी राइफलों समेत अन्य चीजें बरामद की गई हैं।जानकारी के अनुसार टीम के अधिकारियों द्वारा पूर्व डिप्टी मेयर मनोज वधवा व उनके परिवार के सदस्यों से कल सुबह 6 बजे से पूछताछ चल रही है। करनाल के अलावा भी उनके अन्य संस्थानों में टीम द्वारा रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है। टीम के अधिकारी परिवार के सदस्यों से केंद्रीय पुलिस बल की मौजूगी में दस्तावेजों की जांच कर रही है। टीम द्वारा वधवा की आय से अधिक संपत्ति, बैंक खाते और जमीन से जुड़े मुख्य दस्तावेजों को खंगाल रही है। इस दौरान किसी को भी न तो घर के अंदर आने दिया जा रहा है और न ही बाहर जाने दिया जा रहा है।बता दें कि भाजपा नेता मनोज वधवा एक बिजनेसमैन और माइनिंग का काम भी करते हैं। मौजूदा समय में उनका यमुनानगर में खनन का कारोबार है। वह 2013 से 2018 तक नगर निगम के डिप्टी मेयर रहे हैं।

# कविता बनी एंटी करप्शन फाउंडेशन की निदेशक

- नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने सौंपा नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमों एंव फाउंडर नरेंद्र अरोड़ा ने राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए करनाल की विख्यात समाजसेविका कविता मल्होत्रा को राष्ट्रीय निदेशक, हेल्थ विंग नियुक्त किया। नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एवं राष्ट्रीय निदेशक सतीश मल्होत्रा ने कविता मल्होत्रा को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कविता मल्होत्रा ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगी और ज्यादा से ज्यादा लोगो



**करनाल।** नवनियुक्त राष्ट्रीय निदेशक को नियुक्ती पत्र सौंपते राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र अरोड़ा। *फोटो: हरिभूमि*

### मिड डे मील वर्कर वेतन बढ़ोतरी को लेकर 11

**करनाल।** प्रदेश की हजारों मिड डे मील वर्कर वेतन बढ़ोतरी व अन्य मांगो को लेकर 11 जनवरी को करनाल में रैली करेंगी। रैली की तैयारियों को लेकर मिड डे मील वर्कर्स फेडरेशन के उपाध्यक्ष जय भगवान करनाल पहुंचे। कर्ण पार्क में वर्करों के साथ मीटिंग कर निर्देश जारी किए। जयभगवान ने कहा कि सरकार पूरी तरह से सरकारी शिक्षा व्यवस्था को तबाह करने पर उतारू है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करते हुए राज्य में हजारों स्कूल बंद किए जा रहे हैं। जिसके चलते हजारों मिड डे मील वर्कर्स की नौकरी छीनी जा रही है। गरीब बच्चों को भविष्य में शिक्षा से बेदखल करने के लिए चिराग योजना लाई गई है। उन्होंने कहा की मिड डे मील वर्कर्स को मानदेय सात हजार रूपए

---



**करनाल।** नारी निकेतन का दौरा करने पहुंची सीजेएम जसबीर। *फोटो: हरिभूमि*

### सीजेएम ने नारी निकेतन का किया दौरा

**करनाल।** सीजेएम जसबीर शुक्रवार को नारी निकेतन करनाल पहुंची जहां उन्होंने नारी निकेतन में रह रही महिलाओं से बातचीत की और उन्हे मुफ्त कानूनी सेवाओं बारे जानकारी दी। उन्होंने नारी निकेतन में स्थापित रसोई घर का भी निरीक्षण किया व वहा रह रही महिलाओं को प्रदान किए जा रहे भोजन की जांच की। मौका पर उनके साथ ट्रेनिंग सिविल जज (जूनियर डिवीजन) रितिज अरोड़ा, रितिका शर्मा, उदित अग्रवाल, नितिका बंसल, अनमोल ककड़, रूहेला व अवंतिका, फील्ड ट्रेनिंग के लिए उपस्थित थे। जसबीर ने उन्हे नारी निकेतन, करनाल की कार्यशैली से अवगत करवाया। उन्होने यह भी बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, करनाल द्वारा सभी प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन चन्द्रशेखर, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, करनाल के मार्गदर्शन के किया जाता है।

# पटवारियों का धरना 10 तक बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

आज पटवारी एवम कानूनगो एसोसिएशन करनाल का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। जिला के प्रधान पदम कुमार ने बताया की राज्यकारिण के आहवान पर ये धरना तीन दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। पदम ने बताया कि तीन दिन के सांकेतिक धरना करने पर सरकार पर कोई असर नही रहा इसलिए इस धरने को आगे 8 जनवरी से 10 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है और शनिवार और रविवार को धरना नही रहेगा और जब तक सरकार वेतन मान को 2016 से नोशनली लागू नहीं करती तब तक धरना जारी रह सकता है। पदम ने कहा की यदि यह धरना आनोदलन का रूप लेगा तो उसकी जिम्मेवारी सरकार की होगी। एसकेएस के जिला प्रधान सेवा राम बड़सर ने कहा की एसकेएस जब तक एसोसिएशन का धरना जब तक जारी रहेगा उनके साथ खड़ा है। बड़सर ने कहा ये धरना पटवारी कानूनगो का न होकर एसकेएस का है और ये आंदोलन 3 लाख कर्मचारियों का है। इस अवसर पर कश्मीर सिंह पूर्व प्रधान अशोक कुमार उप प्रधान नीरज हुडा कैशियर धीरज सेठी पटवारी सतीश कुमार राजेश कुमार मनोज नारंग हरी राम नरवाल ,पाला राम, शामकरन, एसकेएस के प्रधान सुशील गुर्जर, और क्लेरिकल एसोसिएशन परमजीत सिंह सचिव वा अन्य पटवारिगण मोजूद थे।



**करनाल।** अपनी मांगो को लेकर धरने पर बैठकर सरकार के प्रति रोष व्यक्त करते हुए पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन के पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

---

## पात्रों को मौके पर दिया जा रहा योजनओं का लाभः धर्मपाल गोंदर

# गर्व की बात है कि भारत के पास मोदी जैसे प्रधानमंत्री

- विकसित भारत संकल्प यात्रा में जनसंवाद कर जानी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी

पखाना व बीड़ नडाना तथा दयालपुर गांव में शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। इस दौरान उपरोक्त गांवों में प्रशासन द्वारा जन संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। पखाना गांव में विधायक धर्मपाल गोंदर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की तथा पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। ग्रामीणों ने दोनों अतिथियों व यात्रा का गांव में पहुंचने पर भव्य रूप से स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक धर्मपाल गोंदर ने अपने संबोधन में कहा कि आज हर गरीब पात्र व्यक्ति को उसकी पात्रता के अनुसार सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जबकि पूर्व की सरकारों में कुछ लोगों तक ही सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच पाता था। केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल का प्रयास है कि अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि यह हम सबके लिए बड़े ही गर्व की बात है कि भारत देश का नरेंद्र मोदी जैसे प्रधानमंत्री मिले हैं।



**तरावड़ी।** गांव के लोगों को संबोधित करते विधायक धर्मपाल गोंदर।

**मोदी, मनोहर की योजनाएं बताईं**

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा निरंतर प्रगति के पथ पर बढ़ रहा है। आज हर सरकारी विभागों में पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य हो रहे हैं और इसी कड़ी में सरकार की सभी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को पूरी पारदर्शिता के साथ दिया जा रहा है। इससे पूर्व दोनों अतिथियों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल्स का भी अवलोकन किया गया। गांव बीड़ नडाना व दयालपुर में पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह से आह्वान करते हुए कहा कि 2024 में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल को मौका देकर देश व प्रदेश को मजबूत बनाने का काम करें। आज प्रदेश सरकार की खेल नीतियों के कारण हमारे प्रदेश के खिलाड़ियों का दुनियाभर में डंका बजा है।

---

## न्यूज डायरी



### भ्रमण करके लौटा भाविपा के सदस्यों का जत्था

**तरावड़ी।** भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी की ओर से बुधवार को 50 श्रद्धालुओं का एक जत्था तीर्थ धाम वृंदावन के लिए रवाना हुआ। परिषद के प्रधान योगेश मिड्डा ने हरी झंडी देकर बस को रवाना किया। यह तीन दिन की तीर्थ यात्रा वृंदावन, मथुरा, नंदगांव, गोवर्धन, श्री राधा जी बरसाना होते रात्रि वापस तरावड़ी पहुंची। जत्थे में सभी श्रद्धालुओं ने तीर्थ यात्रा के दौरान का मंदिरों में भगवान श्री कृष्ण, राधा जी के मंदिरों मे दर्शन करके उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान पूरी यात्रा मे मस्ती के साथ बस में भजन कीर्तन करते हुए सभी श्रद्धालुओ ने तीर्थ यात्रियों ने आनन्द उठाया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा के प्रधान योगेश मिडडा ने बताया कि बुधवार को 50 श्रद्धालुओं की एक बस में भगवान श्री कृष्ण नगरी में प्रभु चरणों के दर्शन करने के लिए गई थी। इसके अलावा आसपास के तीर्थ स्थानों की भी यात्रा की। इस मौके पर प्रधान योगेश मिडडा व सभी सदस्यों ने गैलेक्सी परिवार के विनोद गोयल, विजय गोयल, कृष्ण गोयल का धन्यवाद किया।



### भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**करनाल।** केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय में जिला निर्वाचन कार्यालय के सहयोग से महाविद्यालय निर्वाचक क्लब द्वारा राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नगराधीश अमन कुमार ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि राकेश कालड़ा अधीक्षक, मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंडीगढ़ व निर्वाचन तहसीलदार जयकिशन रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा, वरिष्ठ प्राध्यापिकाओं डा. मंजू सिंह, डा. सुषमा ठाकुर, सुनीत भंडारी, निर्वाचक क्लब की संयोजिका व सह संयोजिका डा. स्वाति शर्मा व डा. ईशा ने विशिष्ट अतिथि एवं अतिथिगण को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। प्राचार्या ने छात्राओं को मतदान के महत्व के विषय में बताया। नगराधीश अमन कुमार ने छात्राओं एवं उपस्थित जन को निर्वाचन आयोग की गतिविधियों व मतदान के प्रयोग और महत्व से अवगत करवाया। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 14 प्रतिभागियों ने भाग लिया। डा. मंजू सिंह, डा. सुषमा ठाकुर और सुनीत भंडारी ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में करनाल की सिमरण प्रथम, जींद के सचिन द्वितीय व गुरुग्राम की चंद्रकांता तृतीय स्थान पर रही। सुमित और प्रीति को सांत्वना पुरस्कार मिला। मुख्य अतिथि नगराधीश अमन कुमार ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में निर्वाचक क्लब की सदस्य डा. शिवांगी, नताशा और प्रिया तथा एनसीसी व एनएसएस के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

**खबर संक्षेप**

## पंतजलि ने स्थापना दिवस मनाया

**पानीपत।** पतंजलि परिवार के सभी संगठनों ने मिलकर भारत स्वाभिमान ट्रस्ट हरिद्वार का 29वां स्थापना दिवस देवी मंदिर के सत्संग हॉल में मनाया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला योग संरक्षक रघुवीर सैनी रहे। मौके पर पतंजलि के जिला प्रभारी अशोक अरोड़ा, भारत स्वाभिमान के प्रभारी शीशपाल, योग शिक्षक बलवान सिंह, महिला पतंजलि राज्य कार्यकरणी की सदस्य वीरा गोयल आदि मौजूद रहे।

## कृषि यंत्रों पर किसानों को अनुदान मिलेगा

**पानीपत।** उपायुक्त वीरेंद्र दहिया ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 के दौरान एसएमएएम व एनएफएसएम स्कीम के तहत 32 कृषि यंत्र 40 सामान्य वर्ग और 50 प्रतिशत अनुदान राशि अनुसूचित जाति, महिला और लघु और सीमांत व्यक्तिगत श्रेणी के किसानों के रोटावेटर, लेजर लैंड लेवल (कंप्यूटर गोडी ), और ट्रैक्टर पर लगे स्प्रेयर इत्यादि अनुदान पर दिए जा रहे हैं।

## कोहरे में यात्रा करने से बचे

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने आमजन से अपील की है कि सर्दी के मौसम में घने कोहरे के दृष्टिगत वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करें। उन्होंने कहा कि कोहरे के मौसम में विजिबिलिटी कम हो जाती है जिससे सड़क पर हर समय हादसा होने का अंदेशा रहता है। साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल बिलकुल ना करें। आमजन को धुंध में विशेष सावधानी बरतने की अपील की।

# जजपा की नवसंकल्प रैली ऐतिहासिक होगी: जयदेव


जजपा प्रवक्ता जयदेव नौल्था।

**पानीपत।** जजपा के प्रवक्ता जयदेव नौल्था ने दावा किया कि सात जनवरी को घरौंडा में आयोजित होने जा रही जजपा की करनाल लोकसभा क्षेत्रीय नवसंकल्प रैली ऐतिहासिक होगी। रैली में करनाल व पानीपत क्षेत्र के लोग बडी संख्या में भाग लेंगे। वहीं रैली को कामयाब बनाने के लिए जजपा नेता व कार्यकर्ता योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि जजपा की हर रैली अपनी पुरानी रैली का रिकार्ड तोडती है, वहीं घरौंडा में आयोजित होने जा रही नव संकल्प रैली जजपा के इतिहास में सबसे बडी रैली साबित होने जा रही है। उन्होंने दावा किया कि जजपा ने जनता से किए हर चुनावी वादे को पूरा कर दिया है। इसके चलते जनता जजपा की नीति व नीयत से बेहद खुश है।

# घायलों की आंखें नहीं खुल रही, मुंह से आवाज नहीं निकल रही

- सुताना में घर में आग लगा कर बच्चे की हत्या करने व पांच लोगों को जलाने का मामला, पीडित परिवार से मिले एमपी, हर संभव सहयोग का भरोसा दिया, पुलिस ने एक आरोपी को कोर्ट से रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के गांव सुताना में घर में आग लगाकर पूरे परिवार को जिंदा जला देने के मामले में घायल लोगों की सेहत में कोई सुधार नहीं हुआ है। इधर, राज्यसभा से सांसद कृष्ण लाल पंवार ने दावा किया है कि इस दर्दनाक कांड करने वाले किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। जबकि पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को पकड़ कर रिमांड पर लिया है।

### आंखों में धुंआ जमा, आवाज भी नहीं निकल रही

जबकि, घायल महिला बाला की आंखें घटना वाले दिन से ही नहीं खुल रही हैं। डॉक्टरों का कहना है कि बाला की आंखों में धुंआ जम गया है इसके चलते उसकी आंखें खुल नहीं पा रही है। आंखों को जबरदस्ती खोल कर दवाई डाली जा रही है। इस प्रक्रिया में भी महिला की आंखों में दर्द होता है। डॉक्टरों ने बताया कि बाला की आंखें कुछ खुलने लगेंगी तो ही उसका आगामी इलाज मुमकिन है। इधर, वारदात के बाद से विशाल, इसकी पत्नी नीतू, इसकी बहन रितिका व राखी की की आवाज नहीं निकल पा रही है। जबकि तीन साल का चिराग इस घटना में काल का ग्रास बन गया था।

### पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर लिया

सुताना में परिवार को कमरे में बंद कर आग लगाने व बच्चे की हत्या मामले में गिरफ्तार आरोपी राहुल पुत्र मेघराज निवासी गांव सुताना को थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया, पुलिस का पक्ष जानने के बाद अदालत ने आरोपी का एक दिन कर रिमांड मंजूर किया। थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र ने बताया कि पुलिस आरोपी से वारदात में प्रयुक्त चाकू व फरार आरोपी मोनू के ठिकानों का पता लगा पकड़ने का प्रयास करेगी।

### पीडित परिवार से मिले सांसद पंवार

राज्यसभा से सांसद कृष्ण लाल पंवार ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात की और कहा कि गांव सुताना में हुआ दर्दनाक अपराधिक कांड बेहद निंदनीय है और उनका प्रयास रहेगा कि इस घटना को अंजाम देने वाला हर आरोपी जल्द जेल में हो और वे प्रयास करेंगे इस अपराध में शामिल हर अपराधी को सख्त सजा मिले। उन्होंने आयुक्त व पुलिस अधीक्षक से आरोपियों को जल्द पकड़ने व सख्त कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद देने के निर्देश दिए।

### पांच वाहनों के चालान किए, दो को इंपाउंड किया

# ट्रैफिक पुलिस ने स्काई लार्क रोड से अतिक्रमण हटवाया

- भविष्य में अतिक्रमण करने वालों पर अपराधिक केस दर्ज होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत


**पानीपत।** स्काई लार्क रोड पर अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए डीएसपी सुरेश सैनी। फोटो : हरिभूमि

पानीपत यातायात पुलिस ने शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम करने के लिए शुक्रवार को स्काईलार्क रोड से अतिक्रमण हटाया। यातायात उप पुलिस अधीक्षक सुरेश सैनी की अगुवाई में जीटी रोड से स्काईलार्क रोड़ पर नाला पुलिया तक अवैध तरिके से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को विशेष रूप से हिदायत देकर सड़क के दोनों किनारे खड़े वाहनों को हटवाया गया। शहर यातायात ईस्ट जोन इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रामनिवास अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। इस दौरान पांच वाहनों के चालान किये गए व काफी समय से खड़े दो वाहनों को क्रेन की मदद से उठवाकर इंपाउंड किया गया। वहीं डीएसपी सैनी ने बताया कि स्काईलार्क रोड पर मोटर मेकेनिकों द्वारा फुटपाथ व सड़क पर अवैध तरिके से अतिक्रमण कर भारी संख्या में गाड़ियों को खड़ा कर ठीक किया जा रहा था। अतिक्रमण से आने जाने वाले राहगिरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और जाम की समस्या उत्पन्न होती है। उन्होंने बताया कि उक्त मार्ग शहर के मुख्य मार्गो में से एक है और इस पर काफी सारे हॉस्पिटल भी है। अतिक्रमण की वजह से जाम लगा होने के कारण कई बार एम्बुलेंस को भी रास्ता नही मिल पाता। दोपहर के समय स्कूल की बसें जाम में फसी रहती है। सड़कों पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें और न ही सड़क को अवरूध करें। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटवाने के साथ ही दुकानदारों को विशेष रूप से हिदायत दी गई है कि वे फुटपाथ व सड़क पर अतिक्रमण ना करें। वाहन खड़ा कर दोबारा अतिक्रमण करने पर आईपीसी की धारा 283 के तहत कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। जिला पुलिस का यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# सीएम फ्लाइंग ने नकली पनीर की फैक्ट्री पकड़ी

- कच्चा माल नष्ट करवाया, बिहार प्रवासी चला रहा था काला धंधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के गांव वेसर में सीएम फ्लाइंग की टीम ने नकली पनीर की फैक्ट्री पकड़ी है। जहां सेपरेटा दूध से पनीर तैयार किया जा रहा था। इसके अलावा खीस (कच्चा दूध) से भी पनीर बना रहे थे। जिसकी क्वालिटी खाने लायक नहीं थी। टीम ने उक्त खाद्य पदार्थ को नष्ट कर दिया है और फूड सेफ्टी विभाग ने इस मामले में आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच में पता चला कि फैक्ट्री मलिक पानीपत के ग्रामीण क्षेत्र के अलावा जींद, सफीदों व करनाल के ग्रामीण क्षेत्र में पनीर की सप्लाई करता था। इस मामले में थाना मतलौडा पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच में पता चला कि करीब डेढ़ माह पहले फैक्ट्री खुली थी। जिसमें सेपरेटा दूध से पनीर तैयार किया जा रहा था।

### बिहार का निवासी है आरोपी

सीएम फ्लाइंग टीम का नेतृत्व कर रहे डीएसपी अजीत सिंह के नेतृत्व में सीएम उड़नदस्ता की टीम ने शुक्रवार को सुबह वेसर गांव में अवैध फैक्ट्री पकड़ी। यहां सेपरेटा दूध से पनीर तैयार किया जा रहा था। टीम ने इसके साथ खीस से भी पनीर बनाते हुए वहां पड़ा। उसकी क्वालिटी खाने लायक नहीं थी। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि सुनील कुमार निवासी गांव हथयौल जिला मोतीहारी चंपारण बिहार हाल औसर रोड, गांव मतलौडा द्वारा पनीर फैक्ट्री चलाई जा रही थी। वहीं आरोपी सुनील ने बताया कि यह फैक्ट्री सतबीर सिंह निवासी गांव नैन जिला पानीपत से किराए पर ली है। सीएम फ्लाइंग ने फैक्ट्री से मिला कच्चा सामान नष्ट करवा दिया है।

**एक आंख से दिखना बंद हुआ (पानीपत)।** पानीपत की बिशन स्वरूप कालोनी में स्थित लाइब्रेरी में पढ़ रहे मनप्रीत निवासी गांव बबैल जिला पानीपत पर सहपाठियों ने हथियारों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। मनप्रीत की एक आंख पर गंभीर चोट लगी। चोट लगने से तीन अस्पतालों के डॉक्टर भी उसकी आंख नहीं बचा पाए। पुतली कट जाने से आंख की स्थिति बिगड़ गई। वहीं मनप्रीत की शिकायत पर थाना सिटी पुलिस ने प्रिंस, अनिकेत समेत इनके साथियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विधायक ने दो धर्मशालाओं का शिलान्यास किया

- 48 लाख की लागत से हाफजाबादी ड्रामेटिक क्लब में धर्मशाला का निर्माण कराया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत


**पानीपत।** विधायक प्रमोद विज विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए।

पानीपत शहरी विधानसभा के वार्ड 8 और 9 में 70 लाख की लागत से दो धर्मशालाओं का निर्माण कराया जाएगा। वार्ड 9 में लगभग 22 लाख की लागत से रंग मंच कला संगम संस्था की मांग पर धर्मशाला का निर्माण कराया जाएगा। निर्माण कार्य के शुभारंभ के लिए संस्था के प्रधान कृष्ण लाल मोंगा ने विधायक प्रमोद विज का आभार व्यक्त किया एवं संस्था के सभी सदस्यों के साथ पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

वार्ड 9 में लगभग 48 लाख की लागत से हाफजाबादी ड्रामेटिक क्लब में धर्मशाला का निर्माण कराया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम में पहुचने पर स्थानीय जनों एवं संस्था के सदस्यों ने विधायक का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया एवं निर्माण कार्य हेतु विधायक का आभार व्यक्त किया। वहीं विधायक विज ने बातचीत में कहा कि शहर भर में गरीब परिवारों को सामाजिक कार्यक्रम करने के लिए बेहतर भवन उपलब्ध हो, इसके लिए निरंतर प्रयासरत हूं।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रीतम गुर्जर, महामंत्री दीपक, दीनू खूंगर, अनिल मदान, प्राण रत्नाकर, दर्शन वधवा, चंद्र सहगल, किशोर गहलोत,विजय सहगल, रंग मंच कला संगम के प्रधान रमेश मल्होत्रा, चंदगी राम प्रजापत, गुलाब पांचाल, यश गुप्ता व संजय ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# किसान हितैषी हैं मोदी व मनोहर सरकार


**पानीपत।** देश सेवा की शपथ दिलवाते हुए विधायक महिपाल ढांडा। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा ने शुक्रवार को गांव दीवाना व खलीला प्रहलादपुर में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार किसान हितैषी है। आज किसानों को उनकी फसलों के दाम उचित मूल्य पर दिए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत हर एक आदमी का 5 लाख रुपए का स्वास्थ्य कार्ड बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने लोगों के स्वास्थ्य की चिंता की है। ढांडा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत ही नहीं पूरे विश्व में नंबर एक पर चले हुए हैं। उन्होंने इतनी जन कल्याणकारी योजनाएं पूरे भारत में दे दी हैं कि जिन को अपनाकर पूरा भारतवर्ष और उसके आम नागरिक लाभ पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार आज जब किसी भी परिवार में बेटी की शादी होती है तो 31 हजार का अनुदान देती है। अगर किसी विधवा की बेटी की शादी होती है तो 51 हजार रुपए और अगर किसी अनुसूचित परिवार की बेटी की शादी होती है तो उसमें 71 हजार का कन्यादान देकर हमारी बेटियों को सम्मानित करती है। उन्होंने स्कूली बच्चों को उत्कृष्टद्द कार्य करने पर पुरस्कृत भी किया। इस मौके पर शुगर मिल के प्रबंध निदेशक जगदीप सिंह भी उपस्थित रहे।

## महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें: डॉ राजश्री

**पानीपत।** क्लासिकल होम्योपैथी डॉक्टर राजश्री मलिक ने कहा कि महिला के गर्भाशय में रसोली ज्यादातर 30 से 50 वर्ष की आयु की महिलाओं में पाया जाने वाला एक नॉन कैंसर ट्यूमर है। गर्भाशय की मांसपेशियों में गांठे बनने के कारण महिलाओं में रसोली की समस्या होती है। इसे डॉक्टरी भाषा में मयोमा या लियोमायोमा भी कहा जाता है। रोगी नॉन कैंसर ट्यूमर का नाम सुनकर अक्सर घबरा जाते हैं कि उन्हें कैंसर तो नहीं हो गया। गर्भाशय में रसोली कैंसर नहीं है, लेकिन इसको काफी समय तक अनदेखा किया जाए तो यह कैंसर का रूप ले सकती है इसलिए हमें समय रहते ही रसोली का इलाज करवा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि फल और सब्जियों का सेवन अधिक करें। ब्लड प्रेशर, तनाव से दूर रहे, मेडिटेशन या योगा करें। हर तरह के नशे से दूर रहे। चाय कॉफी ना पीए, प्रोसेस्ड फूड का सेवन ना करें, हार्मोस के स्तर को डिस्बैलेंस करने में जंक फूड, प्रोसेस्ड फूड का खास योगदान होता है। उन्होंने कहा कि गर्भाशय फाइब्रॉएड के उपचार में होम्योपैथी अधिक प्रभावी है। सभी संभावित विकल्पों में से होम्योपैथी फाइब्रॉएड के लिए सबसे अच्छा गैर-सर्जिकल उपचार है।



- गर्भाशय में में रसोली होना खतरनाक है, लापरवाही ना बरते, उपचार करवाएं


**पानीपत।** कृष्णपुरा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारीगण बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## कृष्णपुरा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की हुई बैठक

**पानीपत।** पानीपत के कृष्णपुरा मेन बाजार में कृष्णपुरा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की पहली बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता नरेंद्र कुमार और संचालन कृष्णपुरा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव यशपाल पंवार ने करते हुए कहा कि रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (सोसायटी एक्ट के अन्तर्गत) लोगों की मुलभूत जरुरतों जैसे बिजली, पानी, सड़क, सीवर, पार्क, स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य कई कार्यों को करने के साथ साथ जनता और सरकार के बीच में पूल का काम करती है। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन, विकास कार्यों के प्रति दृढ़संकल्प से वार्ड 15 कृष्ण पुरा के लोगों के हित के लिए प्रदेश सरकार व पानीपत प्रशासन से तालमेल कर कार्य करवाएगी। बैठक में लोगों द्वारा सोसायटी की सदस्यता ग्रहण करने बारे भी मसौदा तैयार किया गया व प्रशासन से सहयोग के लिए एक तालमेल कमेटी का गठन करने बारे भी प्रस्ताव तैयार किया गया। बैठक में मुख्य रूप से नरेंद्र कुमार, राकेश बंसल, यशपाल पंवार, ललित पंवार, विनोद कुमार, सुरेश रावल, सतीश ग्रोवर, पवन सैनी, मुकेश भारद्वाज उपस्थित रहे।


**पानीपत।** स्माइल फाउंडेशन सोसाइटी की सदस्य फुटपाथ पर कंबल बांटते हुए।

## निर्धनों को कंबल और दवाइयां बांटे

**पानीपत।** स्माइल फाउंडेशन सोसाइटी ने फुटपाथ पर अपना जीवन यापन करने वाले असहाय लोगों को सर्दी से थोड़ी राहत देने के लिए उनको कंबल, दवाइयां,चाय व खाद्य सामग्री दी। स्माइल फाउण्डेशन की अध्यक्ष सुनीता सिवाच ने कहा कि दुखियों के प्रति फिक्रमंद होना चाहिए। हमें उन लोगों की देखभाल करनी चाहिए जो बीमार हों, अशक्त हों या तकलीफ में हों। आप जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए काम कर रहे निकटतम संगठनों को पैसा, भोजन, कपड़े, खिलौने, और किताबें दान कर सकते हैं। ये दान गरीबों के दिन रोशन कर सकते हैं। मौके पर सरोज जगलान, विपुल धीमान, राहुल कुमार, मुकेश संधु, पंकज शर्मा, पुनीत बतरा, संजीव मलिक, रोहित मलिक, रविंद्र व राजेश कुमार आदि का सहयोग रहा।

# माता सीता रानी सेवा संस्था के स्थापना दिवस पर जर्सियां बांटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत


**पानीपत।** माता सीता रानी संस्था के स्थापना दिवस पर कंचन सागर व अन्य को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

माता सीता रानी सेवा संस्था के 32वें स्थापना दिवस पर माता सीता रानी की 104 वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में हाली अपना स्कूल के बच्चों को सामाजिक नेत्री, इनर व्हील क्लब मिड टाउन की संस्थापिका अध्यक्ष और नारी कल्याण समिति की प्रधान कंचन सागर द्वारा नारी कल्याण समिति की ओर से सामाजिक नेत्री नीरू विज द्वारा जसीर्यां वितरित की गई। कंचन सागर ने कहा कि माता सीता रानी एक महान स्वतन्त्रता सेनानी, महिला नेत्री और दलित पीड़ित लोगों की पथ प्रदर्शक थी। वे आर्य महिला समाज, रेडक्रॉस सोसाइटी तथा अस्पताल वेलफेयर सोसाइटी की संस्थापिकाओ में रही। अपने जीवन काल में दलित बस्तियों में महिलाओं के लिए शिक्षण-प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की। इस अवसर पर पूर्व शिक्षा निदेशक सरोज बाला गुर, हाली अपना स्कूल की मुख्यध्यापिका प्रिया लूथरा, संस्था की उपाध्यक्ष सुषमा गुप्ता, मधु यादव, महासचिव पूजा सैनी, संस्था सदस्य उर्वशी शर्मा, शिव वाणी, सुनीता आनंद, रेहाना खान ने कंचन सागर, रजनी गोयल, सिमरन गिरधर, सुमन सिंगला, रमा देवी, कुसुम गुप्ता, अनवी शिंगला, राज नंदा, बिंदिया कथूरिया और सरोज आहूजा को माता सीता रानी सेवा सम्मान से अलंकृत किया गया। सभा की अध्यक्षता करते हुए चाटेंर्ड अकाउंटेंट विमल गोयल ने संस्था के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उसे महिलाओं का अग्रणी संगठन बताया। सभा में आरती शिंगला, रणधीर सिंह जागलान, रोजी चावला, सोनिया गर्ग,आरती सोनी, रोशनी, हर्ष गर्ग, डॉली, मुकेश शर्मा व चेतना विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**पुलिस ने दो चोर पकडे (पानीपत)।** थाना मतलौडा पुलिस ने कवि रोड पर ज्वेलर्स राहुल की दुकान में चोरी करने वाले दो आरोपियों अनुप पुत्र ओमप्रकाश व रवि पुत्र सुरेश निवासी गांव बल्ला जिला करनाल को गिरफ्तार किया है। थाना मतलौडा प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि आरोपियों ने बीते वर्ष 29 दिसंबर की रात मतलौडा में कवि रोड पर स्थित ज्वेलर्स राहुल पुत्र कृष्ण गोपाल वर्मा निवासी पुरानी सब्जी मंडी, गांव मतलौडा की शिकायत पर केस दर्ज है। पुलिस ने


**पानीपत।** विद्यार्थियों व अध्यापकों नशा विरोधी शपथ दिलवाते हुए डॉ अशोक।

## विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के उपाय और सावधानियों बारे जागरूक किया

**पानीपत।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ.अशोक कुमार वर्मा हरियाणा राज्य के सभी जिलों में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। इस कड़ी में आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 52वां कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान की प्रभारी सुमन की उपस्थिति में कार्यक्रम पूर्ण हुआ। डॉ.अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि मनुष्य के जीवन में अनेक चुनौतियाँ और समस्याएं आएंगी लेकिन उनका समाधान अवसाद और नशा नहीं है। उन्होंने नशों पर कुठाराघात करते हुए नशे से दूर रहने के उपाय और अनेक सावधानियों की बारे जागरूक किया। उन्होंने सभी उपस्थित युवा शक्ति से हृदय पर हाथ रखकर प्रण करवाया कि वे जीवन में किसी प्रकार का कोई नशा नहीं करेंगे और अन्य लोगों को भी नशा न करने के लिए प्रेरित करेंगे।

- चुनौतियां व समस्याओं का हल नहीं है मादर्थ पदार्थ : डॉ . अशोक

**एनएसएस शिविर**

### आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस शिविर का आयोजन

# विद्यार्थी अपने अंदर देश, समाज, मानवता की सेवा का जज्बा पैदा करें: दहिया

### दूसरे सत्र में स्लोगन व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

- स्वयं सेवकों को दन्त रोग संबधित बीमारियों से अवगत कराया


**पानीपत।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के एनएसएस शिविर में अतिथियों के साथ स्वयंसेवक विद्यार्थी।

आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर के छठे दिन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया तथा विशिष्ट अतिथि सुमित्रा अहलावत व स्वीटी छिक्कारा रहे। प्राचार्य मनीष घनगस व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार द्वारा मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का अभिनन्दन किया गया। मुख्य अतिथि कुलदीप दहिया ने कहा कि चरित्र मानव जीवन की स्थाई निधि है। जीवन की स्थाई सफलता का आधार मनुष्य का चरित्र ही है। मनुष्य के लिए गुरु सबसे ऊपर होता है। गुरु हमें सही मार्ग चुनने में सहायता करते हैं। गुरु शब्द का निर्माण दो शब्दों को मिलाकर होता है। गुरु में गु का अर्थ है अन्धकार और रु का अर्थ है रोशनी। गुरु हमे अंधकारमय जीवन से प्रकाश की ओर ले जाते है। गुरु एक दिये की तरह होते है, जो शिष्यों के जीवन को रोशन कर देते हैं। दूसरे सत्र में कला अध्यापिका अंजू कादियान द्वारा स्वयं सेवकों की स्लोगन व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें प्रथम पियुष, द्वितीय निशू तथा तृतीय पूनीत रहे। सांयकालीन सत्र में डा. अजय कादियान व डा. कुलदीप मुख्य वक्ता रहे। डा.अजय कादियान ने स्वयं सेवकों को दन्त रोग संबधित बीमारियों से अवगत कराया। वहीं डा.कुलदीप ने स्वयं सेवकों को स्वस्थ रहने संबधित तरीके बताए।

**न्यायलय तहसीलदार कम सब रजिस्टरार पानीपत**

अंजू पुत्री स्व0 श्री चिमन लाल निवासी मकान न0 207 राम नगर तह0 कैम्प पानीपत।

बनाम जनरल पब्लिक

हर आम व खास को इश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि अंजू पुत्री स्व0 श्री चिमन लाल निवासी मकान न0 207 राम नगर पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है जिसमे स्पष्ट मे बताया गया है कि प्रार्थी के पिता चिमन लाल पुत्र श्री जीवन दास की मृत्यु दिनांक 20-10-1996 को हो चुकी है और चिमन लाल के निम्न वारिस / उत्तराधिकारी दर्शाये गये है। रामपाल नम्बरदार व पटवारी हल्का द्वारा अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसानो की तसदीक की गई है जोकि निम्न है:- 1. बिमला रानी पत्नी 2. अंजू पुत्री मृतक चिमन लाल का अन्य कोई वारिस / उतराधिकारी नही है। जिनके सम्बन्ध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं ऐतराज हो तो वह स्वंय / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर -2 इस कार्यालय में किसी कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है । अन्यथा इसके उपरान्त उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिसः बाबत इश्तहार आज दिनांक 20/4/23 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायलय की मोहर द्वारा किया गया ।

तहसीलदार-कम-सब रजिस्टर पानीपत
क्रमांक 72/RC Dated 26.04.2023

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी गुरप्रीत को गिरफ्तार किया है। सरसेहड़ी गांव के बलबीर सिंह ने 3 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 22 दिसंबर 2023 को रामपुर में स्थित हार्डवेयर की उसकी दुकान से किसी ने पीतल के सपैंडल व गल्ले से नकद राशि चोरी कर ली है।

### स्नेचिंग के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी अमरीक उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार किया है। मुलाना के सोने लाल ने 31 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि साहा में आरोपी रवि व अन्य ने मारपीट कर उससे मोबाइल व नकदी छीन ली है।

### हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी दीपक उर्फ अतुल को गिरफ्तार किया है। अब पुलिस ने आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया है। गांव बोह के प्रवीण कुमार ने 2 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी गौरव, राहुल, ईशान, अतुल व अन्य ने उसके भाई संजय की तेजधार हथियारों से हमला करते हुए हत्या कर दी है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी दलीप सिंह उर्फ दीप्पा को गिरफ्तार किया है। कंबास गांव के लव शर्मा ने 2 जून 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 31 मई 2023 को किसी ने उसके ट्यूबवेल से चारा काटने की इलेक्ट्रिकल मशीन चोरी कर ली है। तब पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### पात्र परिवारों के घर बैठे बन रहे बीपीएल कार्ड

**लाडवा।** पूर्व विधायक डा. पवन सैनी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार की प्रमुख योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके। देश व प्रदेश के वंचित लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं।

### विकास कार्यों को लेकर गृह मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ की बैठक

# डेयरी कांप्लेक्स का थ्री-डी मॉडल तैयार टांगरी नदी पर जल्द बनेगा काज-वे

### नगर परिषद अधिकारियों ने विज को डेयरी कांप्लेक्स का तैयार किया गया थ्री-डी मॉडल दिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला




अंबाला। निर्माणाधीन डेयरी कांप्लेक्स का तैयार 3 डी मॉडल।

अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के गांव ब्राह्मण माजरा में बनने वाले डेयरी कांप्लेक्स का थ्री-डी मॉडल नगर परिषद द्वारा तैयार कर लिया गया है। गृह मंत्री अनिल विज ने विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए थ्री-डी मॉडल का अवलोकन किया और कांप्लेक्स में उपलब्ध सुविधाओं पर चर्चा की। विज शुक्रवार को अंबाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में विकास कार्यों को लेकर विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे। नगर परिषद अधिकारियों ने विज को डेयरी कांप्लेक्स का तैयार किया गया थ्री-डी मॉडल दिखाया। इस पर अलग-अलग पहलुओं को लेकर विज ने अधिकारियों के साथ चर्चा की। साथ ही प्रक्रिया में तेजी लाने के दिशा-निर्देश दिए। गौरतलब है कि ब्राह्मण माजरा में लगभग 21 एकड़ भूमि पर पशुपालकों के लिए अत्याधुनिक डेयरी कांप्लेक्स का निर्माण किया जाना है। यहां सभी पशु पालकों को एक ही छत के नीचे कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होगी। बैठक के दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने गृह मंत्री अनिल विज को बताया कि टांगरी नदी पर टांगरी बांध रोड से दूसरी ओर ब्राह्मण माजरा व अन्य क्षेत्रों में आने-जाने के लिए काज-वे का निर्माण जल्द प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया निर्माण कार्य का टेंडर अलॉट किया जा चुका है और बहुत जल्द कार्य प्रारंभ किया जाएगा। बैठक के दौरान नगर परिषद के प्रशासक व एसडीएम लक्षित सरीन, ईओ जरनैल सिंह, एक्सईएन मनदीप सिंह के अलावा जनस्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग, बिजली निगम एवं अन्य विभागीय अधिकारियों के अलावा भाजपा नेता ललित चौधरी, किरणपाल चौहान, विजेंद्र चौहान, मदनलाल शर्मा, सुरेंद्र बिंद्रा डब्बू, नीलम शर्मा, श्याम सुंदर अरोड़ा, ललता प्रसाद, बलविंद्र सिंह शाहपुर सहित अन्य मौजूद रहे।

#### जगह-जगह चल रही हैं तैयारियां

गृह मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि देष में लोग पूरी तरह से राममय हो रहे हैं। रामजी का स्वागत करने के लिए जगह-जगह पर तैयारियां हो रही हैं लेकिन विपक्ष इस मूवमेंट को लेड डाऊन करना चाहता हैं। विज शुक्रवार को मीडिया कर्मियों द्वारा राममंदिर और अस्पताल के संबंध में विपक्ष द्वारा की टिप्पणी के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने इस संबंध में कहा कि "इसको कहते हैं विनाश काले विपरीत बुद्धि इसलिए इनका नाश होने वाला है। रामजी इनके मुंह से ऐसी-ऐसी बातें निकलवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि "अस्पताल अपनी जगह है, मंदिर अपनी जगह है, इनको यह अंतर समझ नहीं आया'। शिवसेना नेता संजय राउत के ब्यान कि भाजपा विपक्ष को जेल में बंद कराकर चुनाव कराना चाहती है पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि संजय राउत ने सारे चुनाव खुद देंखें। भाजपा के समय में खुला माहौल दिया जाता है। उन्होंने बताया कि 'पहले हमने देखा है कि ये कांग्रेस वाले पुलिस लेकर हमें पकड़ लिया करते थे। अब तो ऐसा नहीं है, और पूरी तरह से निष्पक्ष चुनाव कराए जाते हैं।

#### विकास कार्यों को लेकर चर्चा हुई बैठक में

बैठक के दौरान गृह मंत्री अनिल विज ने अधिकारियों के साथ छावनी में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा भी तथा निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने छावनी में सड़कों के निर्माण के टेंडरों को आवंटित करने, नाइट फूड स्ट्रीट, छावनी में सीवरेज डालने के कार्य, स्वामित्व योजना, वार्डों में सफाई की स्थिति, स्ट्रीट लाइट आदि कार्यों को लेकर अधिकारियों से चर्चा की।। छावनी में फ्लड मीटिंग के दौरान पास किए गए कार्यों को भी प्रारंभ करने के दिशा-निर्देश भी दिए गए। उन्होंने स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत के लिए नप अधिकारियों को हायड्रा खरीदने व अंडर ग्राउंड पाइपों को साफ करने के लिए सक्कर मशीन खरीदने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा अन्य कई पहलुओं पर बैठक में चर्चा की गई।



अंबाला। अवैध कॉलोनी में सड़कों को ढहाती जेसीबी।

## कालपी में गैरकानूनी तरीके से आबाद हो रही थी कॉलोनी, डीटीपी ने तोड़ी सड़कें

- डीटीपी रोहित चौहान ने बताया कि यहां गैरकानूनी तरीके से कॉलोनी काटकर लोगों को सस्ते दामों पर प्लाट बेचने का कारोबार चल रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

गांव कालपी के पास एक एकड़ में आबाद हो रही अवैध कॉलोनी में हुए निर्माण को डीटीपी के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने ध्वस्त कर दिया। यहां जांच टीम ने डब्ल्यूबीएम की सडक्रों के जाल को अर्थ-मुविंग मशीन द्वारा पूर्ण रूप से ढहा दिया। मौके पर जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, ड्यूटी मजिस्ट्रेट कम सहायक नगर योजनाकार राजेश कुमार, कनिष्ठ अभियंता रविंद्र, कनिष्ठ अभियंता भारी पुलिस बल के साथ मौका पर उपस्थित रहे। डीटीपी रोहित चौहान ने बताया कि यहां गैरकानूनी तरीके से कॉलोनी काटकर लोगों को सस्ते दामों पर प्लाट बेचने का कारोबार चल रहा था। कई लोगों ने यहां प्रॉपर्टी डीलर से प्लाट भी खरीद लिए थे। ग्राहकों को अपने जाल में फंसाने के लिए डीलर की ओर से कच्ची पक्की सड़कों का निर्माण किया गया था। चौहान ने बताया कि सूचना के बाद प्रॉपर्टी डीलर को नोटिस दिया गया था। मगर उसने नोटिस का जवाब नहीं दिया। इसी वजह से उन्होंने यहां हुए निर्माण को ढहा दिया है।

## योग व पीटी से हुई शिविर की शुरूआत



**बराड़ा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन की शुरुआत योग व पीटी से हुई। कैंप में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि स्वंयसेवकों ने मेडिटेशन योग के उपरांत सुबह का नाश्ता लिया। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों और सेविकाओं ने मिलकर स्टेज के पास, घास के मैदान, स्कूल लैब, कमरों व स्कूल कैंपस की सफाई की। स्वंयसेवकों ने अपने लिए दोपहर के भोजन को बनाने में मदद की। पीओ टू सुमनलता के दिशा-निर्देशन में लड़कियों के एक ग्रुप ने आर्ट एंड क्राफ्ट की विभिन गतिविधियों में हिस्सा लिया। पर्यावरण एवं आर्ट एंड क्राफ्ट से संबंधित चार्ट आदि बनाकर पर्यावरण बचाए रखने के बारे में जानकारी हासिल की।

## पटाखा फोड़ने पर धक्का मुक्की में बुजुर्ग की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

- पुलिस बोली पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासे के बाद होगी कार्रवाई

अंबाला छावनी में भागवत कथा के दौरान पटाखा फोड़ने पर हुए विवाद में 65 साल के व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त हरलाभ सिंह के रूप में हुई है। परिजनों ने धक्का-मुक्की में जान जाने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस ने गांव दलीपगढ़ के आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में कमलजीत सिंह ने बताया कि उनके पड़ोस में पाल गडरिया धर्मशाला में गांव दलीपगढ़ के ग्रामीण 1 से 7 जनवरी तक श्री भागवत कथा करा रहे हैं। इसमें दलीपगढ़ का राम अवतार प्रधान है। कमलजीत ने बताया कि बीती देर शाम कुछ युवक उनकी गली में पटाखे फोड़ रहे थे।उसकी मां मना करने गई थी।

उसकी मां घर के अंदर तक नहीं पहुंची थी कि आरोपी फिर पटाखे फोड़ने लगे। उसके बाद वह और उसके पिता आरोपियों को मना करने गए थे। आरोपियों ने उसकी बाजू पकड़ ली और सिर से पगड़ी उतार दी।उसके पिता ने राम अवतार को कहा था कि पटाखे बंद करा दीजिए, क्योंकि बच्चे डर रहे हैं। इतने में राम अवतार का बेटा विक्रम वहां आ गया और बहस करनी शुरू कर दी। बात धक्का-मुक्की तक पहुंच गई। राम अवतार ने भी उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जब उसके पिता उसे छुड़ाने लगे तो उसके पिता को धक्का दे दिया। जमीन पर नीचे गिरने से उनके पिता बेहोश हो गए। वे सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे तो मृत घोषित कर दिया।मामले की सूचना मिलते ही मौके पर अंबाला कैंट थाना प्रभारी नरेश कुमार मौके पर पहुंचे। बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि मंडी में भागवत चल रही थी।

### मिड डे मील वर्कर 11 जनवरी को करनाल में करेगी प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** मीड डे मील वर्करो की कुरूक्षेत्र जिले के ब्लॉक बाबैन की एक बैठक अनाज मंडी बाबैन मे जिला कोषाध्यक्ष लाल देवी की अध्यक्षता मे हुईं। बैठक को सम्बोधित करते हुए सीटू जिला सचिव अनिल कुमार, जिला कोषाध्यक्ष लाल देवी मिड डे मील वर्कर यूनियन ने संयुक्त रुप से कहा कि वर्षो से मीड डे मील वर्करो के साथ अन्याय हो रहा है, उन्हें न्यूनतम वेतन की बजाये केवल सात हजार रुपए मासिक पगार मिलती है वह भी केवल दस महीनो की, उनका काम बहुत महत्वपूर्ण है व जिम्मेदारी का भी, वे सैंकड़ो बच्चो का न केवल खाना बनाती है बल्कि उसे परोसती भी है व बर्तन भांडे भी साफ करती है व अगले दिन के लिए राशन की साफ सफाई भी करती है, बहुत स्कूलों मे सेवादार न होने के कारण उन्हें उन वाला काम करना पड़ता है।

## त्रिवेणी रोड वाली सड़क की हालत बेहद खस्ता, सता रहा हादसे का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। खस्ताहाल सड़क का दृश्य।

अंबाला शहर के मीरी पीरी चौक से त्रिवेणी रोड व नाहन हाउस से नगर निगम के कार्यालय तक जाने वाली जगाधरी गेट तक की सड़क की हालात बहुत खस्ता। इस सड़क पर सड़क कम गड्ढे ज्यादा हो गए हैं। सड़क पर दो व चार पहिया वाहन ले जाना खतरे से कम नहीं है। काफ़ी समय पहले जस सड़क पर पाइप लाइन डालने के लिए सड़क को तोड़ दिया था उसके बाद इस सड़क की आज तक किसी ने सुध नहीं ली है।

जन सेवा संघ के प्रधान दीपक शांडिल्य ने कहा है की विधायक असीम गोयल को मामले में हस्तक्षेप कर सड़क का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस सड़क पर सोहन लाल स्कूल, बेलटोल स्कूल व एक अन्य छोटे बच्चों का प्लेवे स्कूल स्थित हैं। ऐसे में टूटी सड़क पर स्कूल के बच्चों को स्कूल जाने आने में काफ़ी परेशानी का समाना करना पड़ता है। बच्चों के परिजनों को कोई न कोई हादसा होने का हर समय डर लगता रहता है। टूटी सड़क से इस रोड के दुकानदारों को भी परेशानी का समाना करना पड़ता है। शांडिल्य ने कहा की नाहन हाउस से जगाधरी गेट निगम कार्यालय तक जाने वाली सड़क का भी बेहद बुरा हाल है। यहां कई जगह से सड़क दबी व कई जगह से टूटी पड़ी है।

## पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने बेटी के साथ ज्वाइन की कांग्रेस, प्रभारी ने दिलवाई सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। दिल्ली में पूर्व मंत्री निर्मल सिंह व उनकी बेटी को कांग्रेस ज्वाइन करवाते प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया व अन्य।

पूर्व मंत्री निर्मल सिंह शुक्रवार को बेटी चित्रा सरवारा के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। दिल्ली में कांग्रेस के बड़े नेताओं की अगुवाई में पूर्व मंत्री ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। पिता-पुत्री सुबह 8 बजे अंबाला कैंट से सैकड़ों वर्कर्स के साथ दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। दिल्ली पहुंचने पर उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान सिंह, प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया, पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा की उपस्थित में पार्टी जॉइन की। इसके साथ ही निर्मल सिंह से जुड़े आम आदमी पार्टी के 256 पदाधिकारियों ने भी पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने का ऐलान किया। निर्मल सिंह स्व.संजय गांधी के घनिष्ठ मित्र रहे। उन्होंने कांग्रेस में ब्लॉक यूथ अध्यक्ष से पारी शुरू की थी। 7 साल निरतंर अध्यक्ष रहे। जिला के अध्यक्ष रहे। प्रदेश में सहसचिव व उप प्रधान भी रहे। कांग्रेस सरकार की समय मंत्री भी रहे। वर्ष 2019 में विधानसभा चुनाव में निर्मल सिंह व उनकी बेटी चित्रा सरवारा को पार्टी ने टिकट नहीं दिया था। इसी वजह से निर्मल सिंह अंबाला शहर व चित्रा अंबाला कैंट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़े थे। निर्मल सिंह 54 हजार वोट लेकर दूसरे स्थान पर जबकि चित्रा सरवारा को 44 हजार वोट हासिल हुए थे। दोनों सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी बुरी तरह से हार गए थे।



बराड़ा। कार्यक्रम में जानकारी देते हुए वक्ता।

## परीक्षाओं के लिए छात्रों को किया प्रोत्साहित मन लगाकर पढ़ाई करने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड में चल रहे एनएसएस कैंप के साथ दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन की शुरुआत प्रतिदिन की तरह योग वह गायत्री मंत्र, एनएसएस गीत के साथ हुई। उसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने स्कूल बिल्डिंग के पीछे व खेल के मैदान की सफाई की। उसके बाद एएनएम अनीता द्वारा बच्चों को फर्स्ट एड के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही लड़कियों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इसके बाद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थम्बड की एबीआरसी मीनाक्षी शर्मा ने सभी वॉलिंटियर्स के साथ बोर्ड एग्जाम को लेकर चर्चा की। उन्होंने सभी वॉलिंटियर्स को एग्जाम की तैयारी के लिए मोटिवेट किया और मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा। इस कार्यक्रम अधिकारी, अनुज कुमार, कुलदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह, जय श्री राम कुमार आदि मौजूद रहे।

## ट्रेनों में चोरी की दो वारदात, पुलिस ने की जांच शुरू

**अंबाला।** कालका एक्सप्रेस में बच्चे को बाथरूम कराने गई महिला का बैग चोरी कर लिया। इसी तरह हमसफर एक्सप्रेस में खाना खाकर सोई महिला का पर्स चोरी कर लिया। अंबाला कैंट की जीआरपी थाना पुलिस ने शिकायत मिलने पर अब मुकदमा दर्ज किया है। दिल्ली के बुध विहार फेस-1 निवासी मीनाक्षी ने बताया कि 22 दिसंबर को वह पुरानी दिल्ली से कालका जाने वाली "कालका एक्सप्रेस" में सफर कर रही थी। उस वक्त उनके कोच में लाइट नहीं थी। रात सवा 9 बजे जब वह अपने बच्चे को बाथरूम लेकर गई तो ट्रेन अंबाला कैंट स्टेशन पर रुकी। मीनाक्षी ने बताया कि वह बच्चे को बाथरूम कराने के बाद वापस अपनी सीट पर आई तो उसका बैग गायब मिला। महिला ने बताया कि बैग में बच्चों के कपड़े, 10 हजार रुपए कैश, सोने की 4 अंगूठी, एक मंगलसूत्र था। उसने कालका पहुंचने के बाद शिकायत सौंपी। वहां से शिकायत अंबाला में ट्रांसफर होकर आने पर अंबाला कैंट की जीआरपी थाने की पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर जम्मू कश्मीर के यासिर मोहम्मद ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ हमसफर एक्सप्रेस (22706) में 24 नवंबर को जम्मू से नागपूर जा रहे थे। उन्होंने कोच-B/12 में अपनी टिकट बुक करा रखी थी। सफर के दौरान वे खाना खाकर सो गए थे।

RASAM PAGRI



With profound grief and sorrow,
we inform the sad demise of our beloved
SMT. SHANTI DEVI GUPTA
W/o Late Sh. Kapuri Lal Gupta on 27.12.2023

Rasam pagri will be held on 07.01.2024 (Sunday)
from 2:00 pm to 3:30 pm
at GEETANJALI GARDEN, Murthal Road, Sonipat (Haryana)

In Grief

| | |
|---|---|
| J.C. Gupta (Son) | ETO (Retd.) |
| CA. Pawan K. Gupta (Son) | S. P. Chopra & Co., |
| CA. Prateek Gupta (Grand Son) | Chartered Accountants, New Delhi |
| Ajay Gupta (Grand Son) | Ajay Investments Centre, Sonipat |
| Pankaj Gupta (Grand Son) | Gupta Bros., Caterers, Sonipat |
| Gaurav Gupta (Grand Son) | Mateshwari Drugs and |
| Rajnish Gupta (Grand Son) | General Store, Sonipat, Haryana |

Mobile.: 98102 77251, 98960 51975, 98964 33438, 98963 51975, 90345 24101
H.No. 3317, Sector-15, Sonipat, Haryana

### कई दिन से किसान एसडीएम ऑफिस के सामने दे रहे थे धरना

# चीनी मिल के बकाया भुगतान को लेकर धरना स्थगित



नारायणगढ़। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते गन्ना किसान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

गन्ना मिल की कुर्की व बकाया भुगतान को लेकर चल रहा किसानों का धरना स्थगित कर दिया गया। एसडीएम ने किसानों की सभी मांगों को जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया है। इसी आधार पर अब एसडीएम ऑफिस में कई दिन से चल रहा किसानों का धरना समाप्त हो गया। शुक्रवार को धरने पर बैठे गन्ना किसानों से एसडीएम जया सी शारदा ने मुलाकात की। उन्होंने किसानों से अपनी सभी मांगें लिखित रुप में देने की बात कही। इसके बाद किसानों ने उन्हें अपनी मांगों से जुड़ा ज्ञापन सौंपा। किसानों ने एसडीएम के समक्ष मिल की कुर्की रोकने को लेकर जरुरी कदम उठाने के साथ ही किसानों के बकाया भुगतान भी करवाने की मांग की। एसडीएम ने किसानों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही उच्चाधिकारियों से बात कर उनकी मांगों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। शहीद भगत सिंह भारतीय किसान यूनियन के उपाध्यक्ष विक्रम राणा ने कहा की एसडीएम ने उनको आश्वस्त किया है कि उनकी सभी मांगें जायज हैं। उनके लिए वह सुनिश्चित करेगी कि वह पूरी हो और किसानों को कोई समस्या न आए।

#### किसानों की सभी मांगों को समय रहते मानने की मांग

ढींडसा ने कहा कि हमने यह मांगी भी रखी की अगर मिल नीलम होता है और कोई नया मलिक आता है तो जो कर्मचारी हैं उनको भी मिल में ही समायोजित किया जाए। सरकार सुनिश्चित करें कि नया मलिक मौजूदा समय में जो व्यक्ति मिल में काम कर रहे हैं उनको न निकाला जाए। मिल सुचारू रूप से चलता रहे ताकि 6500 किसान परिवार और इतने ही कर्मचारियों के परिवार के घरों के चूल्हे जलते रहे। अगर सरकार किसानों की सभी मांगों को समय रहते मान लेती है तो हम स्वागत करेंगे। वरना आगामी रणनीति पर किसान विचार करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों ने लिखित में जो मांगे दी हैं उन पर सरकार कार्रवाई सुनिश्चित करें। किसान नेता ढींडसा ने कहा की हमें जानकारी मिली है की शुगर मिल में नारायणगढ़ डिस्टलरी के नाम पर भी एक बड़ा घोटाला हो रखा है जिसके दस्तावेजों को प्राप्त कर हम अध्ययन करेंगे।